# राजधानी में दो दिवसीय फिट इंडिया कार्निवाल आज से

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा 14 एवं 15 मार्च को टीटी नगर स्टेडियम, भोपाल में दो दिवसीय फिट इंडिया कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से 9:00 बजे तक आयोजित होगा।

यह आयोजन सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए खुला है और इसका उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ, सक्रिय और संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग द्वारा कार्निवाल का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध टीवी अभिनेता अभिनव शुक्ला के साथ प्रख्यात खिलाड़ी एवं खेल हस्तियां भी उपस्थित रहेंगी, जो प्रतिभागियों के साथ संवाद कर उन्हें अपने दैनिक जीवन में फिटनेस को अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी।

कार्निवल में फिटनेस को रोचक और सभी के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न इंटरएक्टिव गतिविधि ज़ोन बनाए जाएंगे। इनमें योग, जुम्बा, एरोबिक्स और समूह फिटनेस सत्र के साथ-योग, गतका और मल्लखंब के प्रदर्शन भी शामिल होंगे। इसके अलावा आत्मरक्षा प्रदर्शन और विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाएं भी होंगी, जिनमें रोज़मर्रा की जिंदगी में अपनाई जा सकने वाली सरल फिटनेस आदतों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

परिवारों और बच्चों के लिए कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए फन स्पोर्ट्स जोन में मिनी स्पोर्ट्स कोर्ट, पारंपरिक खेल और परिवार केंद्रित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे सामुदायिक भागीदारी और सक्रिय मनोरंजन को बढ़ावा मिलेगा। बच्चों के लिए विशेष किड्स ज़ोन भी बनाया जाएगा, जहां वे सुरक्षित और मनोरंजक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। आगंतुक वेलनेस ज़ोन का भी लाभ उठा सकेंगे, जहां बीएमआई जांच, पोषण परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान ने कहा, 'फिट इंडिया कार्निवाल समुदाय को एक साथ लाने और हमारे दैनिक जीवन में फिटनेस के महत्व को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट अवसर है।

## सरोजिनी नायडू महाविद्यालय में छात्र संवाद कार्यक्रम, छात्राओं को मिला मार्गदर्शन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को एक विशेष 'छात्र संवाद कार्यक्रम' आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं की शैक्षणिक, सामाजिक और मानसिक चुनौतियों पर चर्चा करना और उन्हें भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था।

मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं से सीधा संवाद किया और करियर विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, सोशल मीडिया के प्रभाव और गलत सूचनाओं से बचाव पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रहने और व्यवस्थित अध्ययन तथा व्यावहारिक कौशल विकसित करने की सलाह दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. इंदिरा जावेद ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर किया, जबकि प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र बिहारी गोस्वामी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। संवाद सत्र में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और एसीएस ने सभी का विस्तार से उत्तर दिया, जिससे छात्राओं में आत्मविश्वास और स्पष्टता आई।

## बोर्ड परीक्षा के नाम पर ठगी का पर्दाफाश

**नप्र, भोपालः** भोपाल की साइबर क्राइम शाखा ने 10वीं और 12वीं की मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा के पर्चा लीक करने के नाम पर छात्रों से ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है।

आरोपी टेलीग्राम एप के माध्यम से 500 से 1000 रुपये में पर्चा देने का वादा करता था। रकम ऑनलाइन फर्जी खातों में ट्रांसफर कराई जाती थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने टेलीग्राम पर 'एमपीबोर्डपेपरलीक' नाम का ग्रुप बनाया और छात्रों को इसमें जोड़ा। छात्रों को भरोसा दिलाया जाता था कि उसके पास असली प्रश्नपत्र हैं और पैसे देने पर परीक्षा से पहले उपलब्ध कराए जाएंगे। लेकिन पैसे मिलने के बाद छात्रों को केवल सैंपल पेपर भेजकर गुमराह किया जाता था। साइबर क्राइम शाखा की तकनीकी जांच के बाद आरोपी अरुण मालवीय (22), पिता घनश्याम मालवीय, निवासी मालवीय मोहल्ला, खुजनेर, राजगढ़ से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर पूरी जांच शुरू कर दी है।

## भोपाल में ऋषभदेव भगवान जन्म महोत्सव पर गौ सेवा कार्यक्रम




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव भगवान के जन्म महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत 13 मार्च को गौ सेवा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय जिनशासन एकता संघ के सदस्यों ने चार इमली स्थित गौशाला पहुंचकर गौ माता को चारा, रोटी और गुड़ खिलाया और जीवदया के संदेश का अनुसरण किया।

संघ के प्रवक्ता दीपेश जैन ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों में रविवार को मंगलवारा जैन मंदिर धर्मशाला में ऋषभ भक्त सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें भोपाल के सभी जैन मंदिरों के सदस्य भाग लेंगे।

कार्यक्रम में संघ के सदस्य राकेश गोहिल, संजय मुंगावली, वीरेंद्र अजमेरा, राजेंद्र चौधरी, सतीश शीतल, डॉक्टर मनोज, एडवोकेट योगेश, अतुल एलआईसी, सुनील अरिहंत, शैलेन्द्र माया, उज्ज्वल जैन, जयदीप जैन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत आज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** साल 2026 की पहली लोक अदालत14 मार्च 2026 को जिला न्यायालय भोपाल और तहसील न्यायालय बैरसिया में नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। इसका उद्देश्य पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना है। लोक अदालत के सुचारू संचालन और अधिकतम प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय भोपाल, तहसील न्यायालय बैरसिया, कुटुम्ब न्यायालय, श्रम न्यायालय और जे.एम.एफ.सी. सहित कुल 60 विशेष खंडपीठों का गठन किया गया है।

## श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव की धूम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः**



मातृभूमि संस्था द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कथा पंडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा।भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के प्रसंग पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए और पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में डूब गया। कथा वाचक कृपा शंकर महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए हिरण्यकश्यप चरित्र का भी विस्तार से वर्णन किया। जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और सभी ने भक्ति भाव के साथ भगवान के नाम का स्मरण किया।

## भोपाल में सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण यज्ञ

### दूसरे दिन 63 लाख से अधिक शिवलिंग बने



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में गृहस्थ संत पंडित देव प्रभाकर शास्त्री जी दद्दा जी की पावन स्मृति में आयोजित सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्र अभिषेक ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी आस्था देखने को मिल रही है।

आयोजन सुप्रसिद्ध कथा वाचक गृहस्थ परम पूज्य अनिल देव प्रभाकर शास्त्री बड़े भैय्या के सानिध्य में बिट्टन दशहरा मैदान में आयोजित किया जा रहा है।

आयोजन के द्वितीय दिवस 13 मार्च को कुल 63 लाख 37 हजार 33 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं में अलौकिक ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु सपरिवार उपस्थित होकर पार्थिव शिवलिंग निर्माण में सहभागी बने। इसके पश्चात पूज्य बड़े भैय्या ने श्रीमद् भगवत ज्ञान कथा का अमृतमय वाचन किया।

निर्मित पार्थिव शिवलिंगों का आचार्यों के मंत्रोच्चारण के साथ महारुद्र अभिषेक किया गया, जिससे पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर हो उठे। संगीतमय आरती के बाद विशाल भोजनशाला में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। दो दिनों में कुल एक करोड़ 24 लाख 81 हजार 312 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण हो चुका है।

## नई शिक्षा व्यवस्था से विद्यार्थियों को मिलेगा बहु-विषयक ज्ञान

**नप्र, भोपालः** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय में शुक्रवार को 'विकसित भारत 2047: संस्कृति, ज्ञान तथा सततता पर अंतर्विषयी दृष्टिकोण' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने किया। इस अवसर पर संगोष्ठी से संबंधित स्मारिका और मोनोग्राफ का भी लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राजन ने कहा कि नई शिक्षा व्यवस्था और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बहुविषयक अध्ययन पद्धति को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों का समग्र ज्ञान प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि केवल आर्थिक विकास ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज के संतुलित विकास के लिए संस्कृति, विरासत, मानवीय मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण पर भी समान रूप से ध्यान देना जरूरी है। विज्ञान के साथ कला और सामाजिक विषयों का अध्ययन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

संगोष्ठी के दौरान देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से आए प्राध्यापक, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। इसमें विकसित भारत 2047 की संकल्पना को ध्यान में रखते हुए संस्कृति, ज्ञान परंपरा और सतत विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न संकायों द्वारा लगाई गई विशेष अंतर्विषयी प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। श्री राजन ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए छात्राओं से संवाद किया।

## विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय से आमजन को अधिक स्वास्थ्य लाभः परमार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन और समृद्ध चिकित्सा पद्धति है, जिसे आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी नवाचारों के साथ जोड़कर वैश्विक स्तर पर स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा में प्रमाण-आधारित शोध, क्लिनिकल स्टडी और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर बल दिया।

श्री परमार पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'नेत्रम-2026' के समापन सत्र में शामिल हुए। उन्होंने इंटीग्रेटेड मेडिकल केयर की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय से आम जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सकता है। मंत्री ने क्रॉनिक बीमारियों और कैंसर जैसी जटिल रोगों पर शोध बढ़ाने की आवश्यकता भी बताई। श्री परमार ने कहा कि संगोष्ठियों का उद्देश्य केवल आयोजन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इससे प्राप्त निष्कर्ष और सुझाव समाज और चिकित्सा क्षेत्र में वास्तविक रूप से उपयोगी होने चाहिए। उन्होंने सभी चिकित्सा विधाओं का लक्ष्य आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा होना बताया।

12 और 13 मार्च को आयोजित इस संगोष्ठी में देश के 11 राज्यों से आयुर्वेद एवं आधुनिक नेत्र रोग विशेषज्ञ, शिक्षक और शोधार्थी शामिल हुए। दो दिवसीय कार्यक्रम में 8 वैज्ञानिक सत्र, 2 प्लेनरी सत्र, 120 शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण और 35 डिजिटल पोस्टर प्रस्तुतियाँ हुईं।

## बोरवन पार्क में शोर-शराबे पर सख्ती

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** हर सुबह टहलने वाले और शौकिया गायक के लिए संतनगर का बोरवन पार्क पहचाने जाने लगा था। प्राकृतिक सुंदरता और शांति के केंद्र 'बोरवन पार्क' में अब तेज आवाज में गाने-बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। लंबे समय से वन विभाग को शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ समूह और व्यक्ति पार्क परिसर में लाउडस्पीकर और तेज आवाज वाले उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे वहां का शांत वातावरण दूषित हो रहा था।

समस्या पर संज्ञान लेते हुए वन विभाग के अधिकारियों ने पहुंचकर नियमों का उल्लंघन करने वालों को सख्त हिदायत दी और चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसी गतिविधियां पाई गईं, तो संबंधित व्यक्तियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग की इस सक्रियता के बाद आज से पार्क में संगीत और शोर-शराबे वाली गतिविधियों पर पूरी तरह विराम लग गया है।

स्थानीय निवासियों और नियमित रूप से पार्क आने वाले लोगों का कहना है कि तेज आवाज के कारण वहां आने वाले वरिष्ठ नागरिकों, स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों और शांत वातावरण की तलाश में आने वाले पर्यटकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। मानवीय परेशानियों के साथ-साथ यह शोर पार्क की जैव विविधता के लिए भी एक बड़ा खतरा बन गया था। विशेष रूप से, पार्क में विचरण करने वाले मोर और अन्य पक्षी इस कृत्रिम शोर से विचलित हो रहे थे, जिससे उनके प्राकृतिक आवास पर बुरा प्रभाव पड़ रहा था। इसके अतिरिक्त, अधिकारियों के ध्यान में यह बात भी आई कि पार्क के उन क्षेत्रों में, जहाँ प्रवेश या गतिविधियां प्रतिबंधित हैं, वहां लोग बड़े स्तर पर जन्मदिन की पार्टियाँ और अन्य समारोह आयोजित कर रहे थे, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुँच रहा था। वन विभाग ने अब स्पष्ट कर दिया है कि बोरवन पार्क का प्राथमिक उद्देश्य प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना और लोगों को प्रदूषण मुक्त वातावरण प्रदान करना है। अधिकारियों ने यह संदेश साफ कर दिया है कि यह सार्वजनिक स्थल मनोरंजन के शोर के लिए नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक शांति के अनुभव के लिए है।

## इंस्पायर मानक अवार्ड में नवनिध की छात्राओं के प्रोजेक्टस का चयन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं केइभारत सरकार के प्रतिष्ठित 'इंस्पायर मानक अवार्ड 2025-26' में प्रोजेक्ट का चयन हुआ है, छात्रा वैष्णवी साहू और सिया लछानी के प्रोजेक्ट्स चुने गए हैं। ैष्णवी साहू ने 'पवन पोटली' अभिनव प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया, जो ऊर्जा और पर्यावरण की दिशा में एक नई सोच को दर्शाता है। सिया लछानी ने 'स्मार्ट ड्राइव' प्रोजेक्ट के माध्यम से भविष्य की सुरक्षित परिवहन प्रणाली के लिए एक आधुनिक समाधान पेश किया है। इन छात्राओं की इस विशिष्ट उपलब्धि पर भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इन्हें 10,000-10,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।



SIYA LACHHANI



VAISHNAVI SAHU



### नाम परिवर्तन सूचना

मैं भूरा मालवी पुत्र श्री मुल्लू निवासी-म.न. 202 बम्हौरी बाजरीगंज बाड़ी रायसेन (म.प्र), मैं अपना पुराना नाम भूरालाल मालवी (आधार कार्ड एवं शासकीय व अशासकीय दस्तावेजों के अनुसार) पुत्र श्री मुल्लू के स्थान पर नया नाम भूरा मालवी (मतदाता प्रमाण पत्र अनुसार) पुत्र श्री मुल्लू रख दिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जावे।

3948

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23, 59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)

टेली:-0755-2761257 E-mail:-eenvda23@gmail.com

निविदा सूचना क्र. 10/व.ले.लि.-23/2025-26/694 भोपाल, दिनांक 12.03.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये आनलाईन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है-

| सं. क्रं. | नि.आ. सू. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | ठेकेदारों की श्रेणी | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 10 (IInd Call) | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, के गीतान्जली काम्पलेक्स, भोपाल में सी.सी. टी.व्ही. निगरानी प्रणाली का एक वर्ष के लिए संचालन का कार्य। | Rs.18.89 लाख (रू. अट्ठारह लाख नवासी हजार मात्र) | Rs.37.78.00 (रू. सैंतीस हजार सात सौ मात्र) | Rs.2,000.00 (रू. दो हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक 23.03.2026, 17:30 तक
2. धरोहर राशि एवं अहर्ता दस्तावेज वेब साईट पर खोलने की अनुमानित तिथि : दिनांक 25.03.2026, 10:30

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

कार्यपाल यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 23,59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल

जी-27248/25

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल

**आम सूचना**

ऐशबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक जूनि. एम.आई.जी. 267 (डुप्लेक्स) मण्डल द्वारा श्रीमती कौशल्या पत्नी श्री डी.जी. धनश्याम के नाम भाड़ाक्रय आधार पर हस्तान्तरण आदेश क्रं. 2113-17 दिनांक 20/02/1996 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 21/03/2001 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 08/06/2023 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। श्रीमती कौशल्या पत्नी श्री डी.जी. धनश्याम द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 16/06/2023 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर श्रीमती शहनाज पत्नी श्री मो. एहसीन को विक्रय कर दिया गया है। संपत्ति के क्रेता श्रीमती शहनाज पत्नी श्री मो. एहसीन द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र (स्वयं का) एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विक्रय विलेख दिनांक 16/06/2023 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भवन के मूल आवंटी श्रीमती कौशल्या पत्नी श्री डी.जी. धनश्याम एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नहीं चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद-विवाद हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगी। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 16/06/2023 के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती शहनाज पत्नी श्री मो. एहसीन के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल

3945

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील-कोलार जिला भोपाल

क्रं.Q/2026 भोपाल,दिनांक 09/03/2026

**सूचना पत्र (वास्ते सीमांकन)**

**प्रति,**1 श्रीमती मोहिनी जैसवानी पत्नी हरिराम जैसवानी नि. भोपाल। 2. आयुस्मति एज्यूकेशन एंड सोशल सोसायटी द्वारा सुनील कपूर पिता आर.एच.कपूर निवासी 3/4 अरेरा कॉलोनी भोपाल। 3. श्रीमती सुनीता मित्तल पत्नी स्व. श्री अनिल मित्तल नि. भोपाल। 4. श्री अंकुर मित्तल, सुरभि मित्तल पुत्र-पुत्री अनिल मित्तल नि. ए-76 पद्माभनगदर भोपाल। 5. रूपवती एच कल्याणी पत्नी डॉ. एच.जी. कल्याणी नि. रसूलिया भोपाल। 6. सुषमा बिल्लोरे पत्नी डॉ. ए. बिल्लोरे नि. इंदौर। 7. सबिता खेरवार पत्नी जी.एस. खेरवार नि. एफ. 5 गवर्नमेंट क्वार्टर शाहजहानाबाद भोपाल। सर्वसाधारण एवं समस्त हितबंद पक्षकारों को सूचनार्थ। **विषय** :-सीमांकन किये जाने बाबत् सूचना पत्र । **संदर्भ** :-न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार जिला भौपाल के रा.प्र.क्र. /अ-12/2025-26 दिनांक के संबंध में। उपरोक्त विषयांतर्गत ग्राम जाटखेडी प.ह.नं.-22 रा. वि. म. वृत्त 06 तहसील कोलार जिला भोपाल की भुमि खसरा क्रमांक 23/6/7 रकबा 0.1540 हे. हेक्टेयर कुल रकबा 0.1540 हेक्टेयर जो कि आवेदक/आवेदिका मोहिनी जैसवानी पिता/पति श्री हरिराम जैसवानी निवासी 207 सेक्टर 2 शक्ति नगर भोपाल के नाम से है, का सीमांकन संदर्भित प्रकरण में राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल द्वारा दिनांक 18/03/26 को समय 11:00 बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस हेतु आप लोग मौके पर सीमांकन के समय उपस्थित रहे। यदि सूचना पत्र तामीली उपरांत आप लोग अनुपस्थित रहते है तो सीमांकन कार्य आपकी अनुपस्थिति की दशा में स्थगित नहीं किया जावेगा। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी के पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.

3946

### कार्यालय तहसीलदार, नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल

प्रकरण कमांक 94/अ-3/25-26

**आम सूचना**

आवेदकगण संतोष कुमार चौरे आ. स्व. श्री गोविन्द प्रसादे चौरे एवं श्रीमति मनीषा चौरे पत्नि संतोष कुमार चौरे निवासी इंडस मुस्कान फेस-2 सागर स्टेट के पास अयोध्या नगर भोपाल म.प्र के द्वारा आवेदन पत्र के साथ अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर स्थित भूमि खसरा कमांक 214/1/1/1/1/2 रकबा 0.0407 हे. भूमि का नक्शे में बटान अंकित कराने का निवेदन किया है। अतएवं एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 07 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष करें। निर्धारित अवधि बीत जाने पश्चात के प्रस्तुत प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

तहसीलदार
नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल

3947

### कार्यालय तहसीलदार संतहिरदाराम नगर वृत्त जिला भोपाल

क्रमांक/209/तह./स.हि.(बैरा)/26 भोपाल दिनांक 10/03/2026

पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) भोपाल ............आवेदक

विरूद्ध

सर्वसाधारण .........अनावेदक

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जितेन्द्र पवार सिंह पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) भोपाल द्वारा ग्राम शहर भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 01 रकबा 2.8920 हेक्टेयर भूमि का आवंटन चाहा गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उपरोक्त कार्यवाही किये जाने में किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति स्वंय अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी हो।

तहसीलदार
नजूल संतहिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

जी-27198/25

### NOTICE INVITING TENDER (NIT)
### कार्यालय, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय), नगरीय पुलिस, भोपाल (म.प्र.)

क्रमांक:- पुलिस उपायुक्त/मुख्यालय/रिकार्ड/ 141 /2026, भोपाल दिनांक 03/2026

**निविदा सूचना**

पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय), नगरीय पुलिस भोपाल, के अन्तर्गत आने वाले यातायात थानें हेतु निम्नानुसार उपकरणों की आवश्यकता होने से क्रय हेतु उपकरणों के दर प्राप्त किये जाने हेतु ऑनलाइन, निविदा आंमत्रित की जाती हैं:-

| SN | Name Items | Items Approx | Tender Fee | EMD PAID ONLINE (mptenders.gov.in) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एम्प्लीफायर | According To Requirement & Budget Available | 2000/- | 20,000/- |
| 2 | पीए कैबिनेट बाक्स लाउडस्पीकर बाक्स | | | |
| 3 | पीऐ यूएचएफ वायरलेस माईक्रोफोन | | | |
| 4 | इंस्टालेशन चार्ज | | | |

NOTE:- SPECIFICATION OF ITEMS ATTACHED WITH TENDER DOCUMENT

01. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर जमा किये जाऐगें।
02. निविदा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य हैं।
03. मध्य प्रदेश पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकता हैं।
04. समय सारणी :-

| क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 09/03/2026 | 11:00 AM |
| 02 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड दिनांक | 10/03/2026 | 11:00 AM |
| 03 | प्री-बिड | 14/03/2026 | 11:00AM |
| 04 | निविदा जमा करने की प्रारम्भ दिनांक | 14/03/2026 | 11:00AM |
| 05 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 23/03/2026 | 11:00AM |
| 06 | निविदा खोलने का दिनांक | 24/03/2026 | 11:00AM |

जी-27215/25 पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय),नगरीय पुलिस, भोपाल

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23, 59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)

टेली:-0755-2761257 E-mail:-eenvda23@gmail.com

निविदा सूचना क्र. 22/व.ले.लि.-23/2025-26/660 भोपाल, दिनांक 06.03.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण**

ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये आनलाईन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है-

| सं. क्रं. | नि.आ. सू. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | ठेकेदारों की श्रेणी | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 22 | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, नर्मदा भवन में स्थापित स्पलिट, विण्डो एवं कैसकेट ए.सी. के सतत् रख-रखाव एवं संचालन का कार्य एक वर्ष के लिए। | Rs.5.39 लाख (रू. पाँच लाख उन्चालिस हजार मात्र) | Rs,10,780.00 (रू. दस हजार सात सौ अस्सी मात्र) | Rs.2,000.00 (रू. दो हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी एवं मुख्य निरीक्षक म.प्र. शासन द्वारा जारी अ श्रेणी का विद्युत ठेकेदारीका वैद्य पंजीयन प्रमाण-पत्र। | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक 23.03.2026, 17:30 तक
2. धरोहर राशि एवं अहर्ता दस्तावेज वेब साईट पर खोलने की अनुमानित तिथि : दिनांक 25.03.2026, 10:30

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

कार्यपाल यंत्री
नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 23,
59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल

जी-27229/25